नया इंडिया राजस्थान
# भीलवाड़ा

## फटाफट

### प्लास्टिक पर्यावरण व स्वास्थ्य के लिए हानिकारक : माली



**भीलवाड़ा।** जिला यूनेस्को एसोसिएशन के तत्वाधान में व जवाहर फाउंडेशन तथा LNJ ग्रुप भीलवाड़ा के सहयोग से अगस्त क्रांति के अवसर पर शुरू किए गए प्लास्टिक छोड़ो प्रकृति से नाता जोड़ो अभियान के तहत शहर के सुभाष नगर स्थित राजकीय हाई सेकेंडरी स्कूल में सीनियर कक्षाओं के छात्र व छात्राओं को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया गया। वहीं उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को कपड़े के बैग भी वितरण किए गए। कार्यक्रम संयोजक व स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की प्लास्टिक को छोड़ना पर्यावरण और हमारे स्वास्थ्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह कचरे और प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत है, जिससे दीर्घकालिक बीमारियां हो सकती है। प्लास्टिक से बचने के लिए कपड़े के बैग इस्तेमाल करने चाहिए जो कि दोबारा धो कर भी वापस काम ले सकते हैं। इसके अलावा प्लास्टिक मुक्त उत्पादों को नहीं खरीदे व और अपने आसपास प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाएं। माली ने नारा देते हुए कहा कि ‘प्लास्टिक छोड़ो, प्रकृति से नाता जोड़ो’ उन्होंने यह भी कहा की अब समय है स्थाई विकल्प बनाने का एक छोटी आदत से बड़ा परिवर्तन शुरू हो सकता है। यही हमारा इस कार्यक्रम का उद्देश्य है इसलिए आप सभी से मैं आग्रह करता हूं कि आइये आज से ही कहें प्लास्टिक को ना प्रकृति को हो। प्रधानाचार्य उर्मिला जोशी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं सहित सभी को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया और छात्र-छात्राओं से कहा कि आप अपने परिवार व आसपास के सभी दोस्तों को भी प्लास्टिक से छोड़ने के लिए प्रेरित करें। जिला यूनेस्को एसोसिएशन की प्रवक्ता मधु लोढ़ा ने बताया कि यूनेस्को द्वारा का ‘प्लास्टिक छोड़ो आंदोलन’ लगातार चलाया जाएगा व शहर के अलग-अलग क्षेत्र में बड़े स्तर पर कपड़े के बैग वितरण किए जाएंगे।

## घास बिक्री केन्द्र काइन हाउस व गौशालाओं के बाहर स्थापित हो : जाजू

**भीलवाड़ा।** पीपल फॉर एनिमल्स के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू एवं नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी को पत्र लिखकर शहर में अवैध रूप से संचालित घास बिक्री केंद्रों को बंद करवा कर गौशालाओं एवं काइन हाउस के बाहर घास बिक्री केंद्र संचालित कराने की मांग की है। जाजू ने कहा कि राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 247, 248, 250, 254 की पालना नहीं हो रही है। जिससे लावारिस मवेशियों के झुंड वहां इकट्ठे हो जाते हैं एवं गंदगी फैल रही है तथा पशुओं के आपस में लड़ने से आवागमन बाधित होकर जाम लगता है एवं सैकड़ों लोग दुर्घटना ग्रस्त हो चुके है। जाजू ने बताया कि वर्ष 2010 में नगर परिषद द्वारा ट्रेंचिंग ग्राउण्ड परिसर में लावारिस गायों व अन्य पशुओं को रखने के लिए एक आश्रय स्थल बनाया था, जिसमें अनेक वर्षों से कोई पशु नहीं है। वहां शहर के लावारिस पशुओं को रखने एवं खाने पीने की व्यवस्था पुख्ता की जा सकती है। जाजू ने बताया कि घास खरीदने वाले व्यक्ति गौशालाओं एवं काइन हाउस के बाहर से घास खरीदकर गोशाला में डाल सकते है। उल्लेखनीय है कि स्टांप ड्यूटी पर 10 प्रतिशत गौ सेस होने से करोड़ों रुपया प्रतिवर्ष भीलवाड़ा जिले से इकट्ठा हो रहा है बावजूद गौ संरक्षण की व्यवस्था शहर में पुख्ता नहीं हो पा रही है। जाजू ने बताया कि शहर में कावाखेड़ा सगस जी के मंदिर के पास, कुमुद विहार एक एवं दो के बीच पांच जगह पर तथा हरीशेवा के पीछे वीर सावरकर चौक, नेहरू रोड मार्ग, सज्जन विला के पास आजाद नगर, दूधाधारी मंदिर के सामने, बाहेती धर्मशाला के सामने, माणिक्य नगर सब्जी मंडी के पास, छोटी पुलिया सुभाष नगर, गायत्री आश्रम सत्यम कॉम्प्लेक्स के सामने, पुर रोड लेबर कॉलोनी, शनि महाराज मंदिर के आगे लेबर कॉलोनी मैन रोड, कुंभा सर्कल आजाद नगर, देवरिया बालाजी मंदिर के पास, रामधाम की पुलिया के पास, शाम की सब्जी मंडी सहित अनेक स्थानों पर बिना नगर निगम की अनुमति के अवैध रूप से प्रतिदिन घास बेची जा रही है।

# भाजपा नेता डाड के पुत्र के आवास पर जीएसटी इंटेलिजेंस का सर्वे

**भीलवाड़ा** ■ संवाद सूत्र

डायरेक्टरेट जनरल ऑफ गुड्स एंड सर्विस टेक्स इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) जयपुर ने गुरुवार को भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण डाड के पुत्र एवं व्यवसायी निखिल डाड सहित कई आवास सहित अन्य स्थानों पर सर्वे किया। इनमें एक केमिकल व्यवसायी व कुछ प्रोसेस हाउस भी शामिल बताए गए हैं। यह कार्रवाई फर्जी बिलों के जरिये करोड़ों रुपए की जीएसटी चोरी से जुड़ी बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार डीजीजीआई जयपुर जोन की टीमों ने एक साथ कार्रवाई की। टीम भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व नगर विकास न्यास के पूर्व चेयरमैन रहे लक्ष्मीनारायण डाड के न्यू हाउसिंग बोर्ड शास्त्रीनगर स्थित घर पहुंची। वहां बताया गया कि




निखिल कुमुद विहार के फ्लेट में रहता है, तब टीम निखिल के छोटे भाई को लेकर कुमुद विहार पहुंची। यहीं निखिल का ऑफिस भी है। टीम यहां बिभिन्न दस्तावेजों की जांच कर रही है। स्टाफ से पूछताछ भी की जा रही। निखिल का टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज में केमिकल और कोयला सप्लाई का बिजनेस है। इसके साथ वह प्रॉपर्टी और फाइनेंस के काम से भी जुड़ा हुआ है। निखिल के दोस्त और बिजनेस पार्टनर अनुज सोमानी के यहां भी टीमों ने सर्च कार्यवाही की। इसमें चित्तौड़ रोड पर केमिकल फेक्ट्री माहेश्वरी केमिकल्स भी शामिल है। जीएसटी टीम द्वारा रीको सहित इन स्थानों पर दस्तावेज खंगाले गये। यह पूरा मामला करोड़ों रुपए की जीएसटी में गड़बडी का बताया जा रहा है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले रत्नाकर ग्रुप के डायरेक्टर शंकरलाल जाट के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई थी। तब डीजीजीआई ने उनके यहां 30 करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी थी। डीजीजीआई की डाड, सोमाणी के यहां रेड के बाद कपड़ा मंडी में उन विभिन्न इकाइयों में खलबली मची है, जो केमिकल और कोयला की खरीद इनसे करते हैं। डीजीजीआई के राडार पर ऐसे प्रोसेस हाउस भी बताए जा रहे हैं।

## जलापूर्ति सरिसर्प निकलने से लोगों में रोष

**शाहपुरा** ■ संवाद सूत्र

शहर के वार्ड नंबर 27 कायमखानी मोहल्ले में उस समय सनसनी फैल गई जब नूर मोहम्मद कायमखानी के घरेलू नल कनेक्शन से अचानक सरिसर्प निकल आया। पानी भर रही महिलाओं ने जैसे ही यह नजारा देखा, चारों ओर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए।मोहल्लेवासियों ने इस घटना को जन स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की घोर लापरवाही करार दिया। लोगों का कहना है कि यदि पानी में सांप का बच्चा मिल सकता है तो विभाग की ओर से जलापूर्ति की शुद्धता पर गंभीर



सवाल खड़े होते हैं। पानी की सही तरह से फिल्ट्रेशन, ब्लीचिंग और क्लोरीनेशन नहीं होने की वजह से पानी की टंकियों और सप्लाई लाइन में अस्वच्छता पनप रही है। यही कारण है कि ऐसे खतरनाक जीव भी पानी में दिखाई दे रहे हैं। मोहल्लेवासियों का आरोप विभाग ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरीन की उचित मात्रा नहीं डाल रहा। नियमित फिल्टरिंग और टंकी सफाई का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है।आमजन का स्वास्थ्य और जीवन खतरे में डाला जा रहा है कायमखानी ने मांग की कि विभाग तुरंतसभी टंकियों की सफाई और क्लोरीनेशन कराए।पानी की सप्लाई में नियमित ब्लीचिंग पाउडर का इस्तेमाल सुनिश्चित करे।दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो।

## कपास पर आयात शुल्क छूट को 31 दिसंबर तक बढ़ाया

**भीलवाड़ा** ■ संवाद सूत्र

केन्द्र सरकार ने आज जारी घोषणा से अमेरिका से आयातित कपास के शुल्क मुक्त आयात की अवधि तीन महीने के लिए बढ़ाकर 31 दिसंबर तक कर दी है। इस कदम का उद्देश्य अमेरिका के 50 प्रतिशत उच्च शुल्क का सामना कर रहे कपड़ा निर्यातकों को समर्थन प्रदान करना है। इससे पहले 18 अगस्त को वित्त मंत्रालय ने 19 अगस्त से 30 सितंबर तक कपास आयात पर शुल्क छूट की अनुमति दी थी। मंत्रालय ने गुरुवार को बयान में कहा, “निर्यातकों को और अधिक समर्थन देने के लिए केंद्र सरकार ने कपास (एचएस 5201) पर आयात शुल्क छूट को 30 सितंबर से 31 दिसंबर तक बढ़ाने का फैसला किया है।” इसमें पांच प्रतिशत मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) और पांच प्रतिशत कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर (एआईडीसी) से छूट, साथ ही दोनों पर 10 प्रतिशत सामाजिक कल्याण अधिभार शामिल है जिससे कपास पर कुल आयात शुल्क 11 प्रतिशत बैठता है। मेवाड़ चैम्बर के मानद महासचिव आर के जैन ने बताया कि इस संबंध में 20 अगस्त को टेक्सटाइल उद्योग के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमण्डल ने जिसमें मेवाड़ चैम्बर के पूर्वाध्यक्ष एवं सीआईटीआई के उपाध्यक्ष दिनेश नौलखा भी शामिल थे, ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ मुलाकात कर कॉटन आयात में लगने वाले आयात शुल्क पर छूट की अवधि को अधिक समय के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया ताकि छूट का अपेक्षित लाभ कपड़ा उद्योग को मिल सके। वित्त मंत्री को उद्योग में व्याप्त संकट और लागत प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हेतु उपायों की तत्काल आवश्यकता से अवगत कराया गया। जैन ने कहाकि इस कदम से कॉटन की कमी का सामना कर रहे टेक्सटाइल उद्योग को काफी राहत मिलेगी एवं अन्य देशों के मुकाबले निर्यात प्रतिस्पर्द्धा में सुविधा होगी।

## एक शाम मुकेश के नाम कल

**भीलवाड़ा।** कायस्थ समाज सेवा समिति एवं एवं राजस्थान कायस्थ महासभा के तत्वाधवान में गायक स्वर्गीय मुकेश कुमार की पुण्यतिथि पर 30 अगस्त को शाम 5 बजे वरिष्ठ नागरिक भवन गायत्री शक्ति पीठ के पास लव गार्डन रोड पर एक शाम मुकेश के नाम संगीत संध्या आयोजित की जाएगी। कायस्थ समाज सेवा समिति के जिला संयोजक डॉ.अजय माथुर ने बताया कि इसमें सभी चित्रांश महिला एवं पुरुष गायक मुकेश द्वारा गाये गये गानों की प्रस्तुति देंगे।

## सुर्खियां

### कांग्रेस सेवादल का प्रशिक्षण शिविर आज से

**भीलवाड़ा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के सानिध्य में सेवादल कांग्रेस का जिला स्तरीय त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर 29 से 31 अगस्त तक गजाधर मानसिंहका धर्मशाला में आयोजित होगा। एआईसीसी सचिव धीरज गुर्जर 29 अगस्त को प्रातः 11.15 बजे शिविर का उदघाटन करेंगे। उदघाटन कार्यक्रम में सेवादल प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत ,जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ,सेवादल संभाग प्रभारी विनोद दादा पाठक ,जोन प्रभारी मोहन हटेला ,जिला प्रभारी अविकुल शर्मा, पूर्व विधायक गायत्री त्रिवेदी, शाहपुरा विधायक प्रत्याशी नरेंद्र रेगर, नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक, एनएसयूआई अध्यक्ष भावेश पुरोहित,पीसीसी सदस्य याकूब मोहम्मद , मंजू पोखरणा, राजेश चौधरी , मनोज पालीवाल ,पूर्व सभापति मधु जाजू एवं पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिल डांगी सहित कई कांग्रेस जन सम्मिलित होंगे ।

### बढ़ती चोरियों से ग्रामीणों में रोष, थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**आकोला ।** बडलियास व चांदगढ़ क्षेत्र में बढ़ते चोरों के आतंक से परेशान लोगों ने बड़लियास थाना अधिकारी सिद्धार्थ प्रजापत को ज्ञापन दिया । ग्रामीणों ने बताया कि बड़लियास में देवनारायण बाड़ा बाग ,सागर जी महाराज दौवड़ा , बाड़ी के देवनारायण , अधर शिला , रड़ी ऊपर का सगसजी,चारण माताजी , घाटी का भैरवनाथ , चांदगढ़ में तेलियां का सगसजी , देवनारायण भगवान व चारभुजा मंदिर पर दानपात्र , कबूतरो का अनाज , छत्र , कलश व पंखे चोरी किये है। पुलिस द्वारा अभी तक एक भी चोरी का खुलासा नहीं किया है ।

### 20 शिक्षकों और 7 विद्यार्थियों का किया अभिनंदन

**आसींद।** वर्तमान व भावी पीढ़ी संस्कारित हो,अपने बड़े बुजुर्गों एवं गुरुजनों का सम्मान करें इसी उद्देश्य के साथ भारत विकास परिषद आसींद शाखा द्वारा राष्ट्रीय प्रकल्प संस्कार के तहत उपखंड मुख्यालय क्षेत्र के पारसोली ग्राम पंचायत में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यालय में 20 शिक्षकों व 270 छात्र-छात्राओं में से 7 शिष्यों का तिलक लगाकर,श्रीफल व सम्मान प्रतीक भेंट कर वंदन व अभिनंदन किया गया। प्रकल्प प्रभारी राजेंद्र कुमार सेन ने बताया कि वर्तमान युग में गुरु शिष्य परम्परा को मजबूत बनाने के लिए परिषद द्वारा संस्कार क्रम में यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष विद्यालयों में आयोजित करवाया जाता है।

## गणेशोत्सव की शहर में छाई बहार, पांडालों में खनकने लगे डांडिया

सांझ ढलते ही होने लगा उत्सव का माहौल

**भीलवाड़ा** ■ संवाद सूत्र

गणेशोत्सव की बहार शहरभर में छाई हुई है। पांडालों में डांडियों की खनक होने लगी है। सांझ ढलने के साथ ही शहर गणपति पांडालों में भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक विरासत के संगम में डूबने लगा है। गणेश चतुर्थी के पावन पर्व के बाद स्थापित हुए गणपति पंडालों में महाआरती, गरबा और डांडिया की धुन ने शहर में एक नई ऊर्जा का संचार कर



दिया। विभिन्न इलाकों में बने पंडालों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा, जहां देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जयकारों ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। शहर के प्रमुख हिस्सों जैसे पटेल नगर, बापू नगर, शास्त्री नगर, माणिक्य नगर, संजय कॉलोनी, सांगानेरी गेट और अन्य दर्जनों स्थानों पर गणेश जी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। हर पंडाल की अपनी एक अलग ही छटा देखने को मिल रही है। रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों की सजावट और गणेश जी के मनमोहक स्वरूप को देखने के लिए लोग दूर-दूर से पहुंच रहे हैं। बुधवार शाम को जैसे ही महाआरती का समय हुआ, गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। महाआरती के बाद गणेश जी को मोदक और अन्य पारंपरिक व्यंजनों का भोग लगाया गया, जिसे बाद में भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। इसके बाद, गणेश पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का दौर शुरू हुआ, जिसने पूरे माहौल में जान भर दी। शहर के युवाओं से लेकर बच्चों और बुजुर्गों तक, हर वर्ग ने डांडिया और गरबा प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पारंपरिक वेशभूषा, जैसे लहंगा-चोली और पारंपरिक कुर्ते-पायजामे में सजे धजे प्रतिभागियों ने जब एक लय में डांडिया खेलना शुरू किया, तो देखने वाले मंत्रमुग्ध हो गए।


**टाइटन बायोटेक लिमिटेड**

**CIN** : L74999RJ1992PLC013387

**रजि. कार्यालय :-** ए-902ए रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019

**फोन नंबर** 011- 71239900, **ईमेल:** hrd@titanbiotechltd.com, **वेबसाइट:-** www.titanbiotechltd.com

**टाइटन बायोटेक लिमिटेड की तैंतीसवीं (33वीं) वार्षिक आम बैठक के संबंध में जानकारी**

1. एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **टाइटन बायोटेक लिमिटेड (“कंपनी”)** के सदस्यों की **तैंतीसवीं (33वीं) वार्षिक आम बैठक (“एजीएम”)** कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (“एमसीए”) के परिपत्रों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (“सेबी”) के परिपत्रों के साथ और कंपनी अधिनियम, 2013 के सभी लागू प्रावधानों के अनुपालन में **शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025 को अपराह्न 3:00 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (“वीसी”)/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों (“ओएवीएम”)** के माध्यम से, आयोजित की जाएगी, ताकि एजीएम को बुलाने वाले नोटिस में निर्धारित व्यवसायों का संचालन किया जा सके।
2. **वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2024-25,** केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ईमेल पते उनके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डीपी)/कंपनी/रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) **- बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** के पास पंजीकृत हैं। उन सदस्यों को, जिनकी ईमेल आईडी कंपनी/आरटीए/डीपी के पास पंजीकृत नहीं है, अलग से एक भौतिक संचार भेजा जाएगा जिसमें सटीक वेबलिंक उपलब्ध होगा, जहां वार्षिक रिपोर्ट सहित वार्षिक आम बैठक की सूचना उपलब्ध होगी। उपरोक्त दस्तावेज़ कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com के साथ-साथ स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होंगे।
3. कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लाभांश के भुगतान हेतु सदस्यों की पात्रता निर्धारित करने हेतु रिकॉर्ड तिथि के रूप में शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025 को निर्धारित किया है, यदि वार्षिक आम बैठक में इसे अनुमोदित किया जाता है।
4. जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे इसे जल्द से जल्द पंजीकृत करा लें।

क. डीमैट रूप में शेयर - अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के पास

ख. भौतिक रूप में शेयर - कंपनी के आरटीए अर्थात बीटल को https://beetal.in/investor-services/#Investor_Forms पर उल्लिखित आवश्यक विवरणों के साथ लिखकर।

5. कंपनी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करेगी। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से 33वीं वार्षिक आम बैठक में शामिल होने के निर्देश और ई-वोटिंग की प्रक्रिया (जिसमें भौतिक रूप में शेयर रखने वाले या जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, वे ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट कैसे डाल सकते हैं, यह भी शामिल है), 33वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना का हिस्सा होंगे।

**कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**चरणजीत सिंह**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

**दिनांक: 28.08.2025**
**स्थान: दिल्ली**


### तेजाजी थ्हारा भक्तां को तू ही रखवालो रे...भजन संध्या में झूमे भक्त

**भीलवाड़ा।** मंगरा मेरवाड़ा मित्र मण्डल की ओर से आजाद नगर में लोक देवता वीर तेजाजी महाराज के 29 वीं ध्वज की स्थापना की गई। 18 फीट लम्बा व 15 फीट चौड़ा व 15 रंगों वाले ध्वज को ब्यावर के कारीगरों द्वारा बनाया गया। रात्रि जागरण में भजन संध्या में भैरू सिंह एवं श्याम भोमिया एंड पार्टी ने प्रस्तुतियां दी। तेजाजी थ्हारा भक्तां को तू ही रखवालो रे...सहित अन्य भजनों पर भक्त झूम उठे। जिलाध्यक्ष लाखन सिंह ने बताया कि मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, पूर्व विधायक विठ्ठल शंकर अवस्थी, प्रताप नगर थाना प्रभारी सुरजीत सिंह, राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक तलाईच, जिला प्रवक्ता अनिल जादोन, भाजपा प्रताप मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, पूर्व पार्षद गणपत पारीक, ब्राह्मण महासभा प्रमुख महामंत्री किशन भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर भजन संध्या का शुभारम्भ किया।

### राठौड़ प्रदेश उपाध्यक्ष

**भीलवाड़ा।** राजस्थान शिक्षक संघ समन्वित के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने शाहपुरा जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत सिंह राठौड़ डाबला को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस नियुक्ति से शिक्षकों संजय कुमार शर्मा, गोविंद राम जीनगर, दिनेश व्यास शास्त्री, केलाश चंद्र व्यास ,रमेश चंद्र लखारा ,घीसु लाल बैरवा,विजेंद्र कुमार, दिनेश धानिया ,विक्रम सिंह जैन, सुनील कुमार छापरवाल, ओम प्रकाश,मुकेश नाथ योगी, भदेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह राठोड़, प्रकाश चंद्र रेगर, सीमा शर्मा, डिंपल उपाध्याय,मंजू राजपूत, सुनीता मीणा, बीना शर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### दो दिन नहीं होगी पेयजल आपूर्ति

**भीलवाड़ा।** चम्बल भीलवाड़ा पेयजल परियोजना के अंतर्गत भीलवाड़ा जिले में पेयजल आपूर्ति की जाती है। अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड - प्रथम भीलवाड़ा ने बताया कि अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. द्वारा तिलस्वा एवं भुंजरकला की 33 केवी फीडर लाइन की मेंटेनेंस कार्य के लिए 30 अगस्त को सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा, जिसके कारण डब्ल्यूटीपी आरोली पर जल आपूर्ति बाधित रहेगी। शहर सहित भीलवाड़ा जिले की 30 एवं 31 अगस्त को पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### गिव-अप योजना में भीलवाड़ा अग्रिम पंक्ति में शामिल

**भीलवाड़ा।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। माननीय मुख्यमंत्री के स्पष्ट दिशा निर्देशानुसार अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए ताकि वे समाज की मुख्य धारा से जुड सकें। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में असल हकदारों को एनएफएसए मे स्थान देने हेतु विभाग द्वारा गिव अप अभियान गत वर्ष 01 नवम्बर को शुरू किया गया।